

## खबर संक्षेप

### सोलर पैनल लगने से बिजली बिल में आई कमी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना का लाभ जिले के आमजन तक पहुंच रहा है। यह योजना लोगों के बिजली खर्च को कम करने के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिले के हितग्राही अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि पहले उनके घर का बिजली बिल काफी अधिक आता था, जिससे हर महीने अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता था। पीएम सूर्य घर मुफ्त योजना के तहत उन्होंने अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाया। इसके बाद उनके बिजली खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है और अब उन्हें बिजली बिल की चिंता नहीं रहती। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल सूर्य की किरणों से बिजली का उत्पादन करता है।

### गाज से मृतक की पत्नी को मिला मुआवजा

**जशपुरनगर।** सीएम कैंप कार्यालय में की गई गुहार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आकाशीय बिजली की चपेट में आकर जान गंवाने वाले व्यक्ति की पत्नी को 4 लाख रूपये की मुआवजा राशि उपलब्ध करा दी गई। राहत राशि मिलने के बाद परिजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी संवेदनशील पहल से समय पर न्याय और आर्थिक सहायता मिल सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम झरन (मसरिघाट), पोस्ट घुमरा, तहसील तपकरा निवासी मुनिका बाई विश्वकर्मा के पति की आकाशीय बिजली गिरने से असामयिक मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद लंबे समय तक मुआवजा राशि नहीं मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में आवेदन देकर सहायता की गुहार लगाई थी।

### कांग्रेस की चेतावनी के बाद अब भाजपा ने भी खोला मोर्चा

# बागबहार मार्ग पर घुटने तक भरा पानी, बने जानलेवा गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

जिले के कोतबा में कारगिल चौक से बागबहार तक बन रही 40 करोड़ की सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। लगातार उठ रही आवाजों के बीच विभाग ने अब भारी बरसात में सड़क के दोनों ओर 10-10 मीटर नापकर अतिक्रमण हटाने का फरमान सुना दिया है, जिससे रहवासियों में दहशत का माहौल है।

इस सड़क पर घुटने भर पानी और जानलेवा गड्ढे हैं, जिससे लोगों का आवागमन दूभर हो गया है। पीडब्ल्यूडी ने पिछले सप्ताह कारगिल चौक से बस्ती क्षेत्र में मौखिक अल्टीमेटम जारी कर अतिक्रमण हटाने कहा है। स्थानीय निवासियों का स्पष्ट कहना है कि वे अतिक्रमण हटाने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन विभाग पिछले 10 महीनों से सूखे के मौसम में गहरी नींद में क्यों सोया रहा। अब इस मूसलाधार मानसूनी आफत में लोग अपना आशियाना कैसे तोड़ेंगे। रहवासियों का आरोप है कि यह पूरी कवायद केवल ठेकेदार को बचाने और अपनी गैर-जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली से ध्यान भटकाने का हथकंडा है। सड़क की दुर्दशा और विभाग के इस अमानवीय रवैये ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष ने भी पीडब्ल्यूडी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुमित शर्मा और युवा नेता ⏭ शेष पेज 4 पर





#### शासकीय राशि का दुरुपयोग न हो

वहीं, कांग्रेस के विरोध के बाद नगर पंचायत उपाध्यक्ष व भाजपा नेत्री सुमन सुनील शर्मा ने भी इस मामले में तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री और भाजपा के सुशासन में जनता के 40 करोड़ रुपयों का दुरुपयोग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने विभाग की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो काम सूखे के समय होना था, वह अब भरी बरसात में कर जनता को भयभीत करने का दुस्साहस किया जा रहा है।

#### तत्काल हो मरम्मत

जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि कारगिल चौक से पटेल बस्ती तक सड़क का तत्काल पैचवर्क और मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि बारिश में लोगों का आवागमन सुगम हो सके। साथ ही, इस पूरी लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्य की लिखित शिकायत जिला कलेक्टर और मुख्यमंत्री से करने की बात कही गई है। सड़क की बदहाली पर कांग्रेस और भाजपा दोनों के मुखर होने से यह स्पष्ट हो गया है कि पीडब्ल्यूडी की लापरवाही न केवल जनता पर भारी पड़ रही है, बल्कि इससे सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही **55 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक |**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक |**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

महोदय,

........................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ |

1. आवेदक का नाम ........................ 2. पिता / पति ........................
3. जन्म तिथि अंको में ........................ 4. वर्गः - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ........................ पोस्ट ........................ तहसील ........................
थाना ........................ जिला ........................ पिन कोड ☐
मो. नं. 1 ........................ मो. नं. 2 ........................ वाट्सअप नं. ........................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ........................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)





खबर संक्षेप

## निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की हालत दयनीय



बलरामपुर। निर्माणाधीन एनएच 343 की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। हालात ऐसे हैं कि कहीं न कहीं प्रतिदिन जाम लग रहा है जिससे राहगीर सहित क्षेत्र के लोग काफी हलकान है।
मंगलवार की देर रात जिला मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर ओरा झरिया घाट के पास फिर से लंबा जाम लग गया। मालगाड़ी, यात्री बस सहित बड़ी संख्या में वाहनों की लंबी लाइन लग गई। इधर जाम लगने की खबर लगते हैं यातायात विभाग की हाईवे पेट्रोलियम की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और लगभग 4 घंटे की लंबी मशक्कत के बाद जाम में काबू पाया और सभी वाहनों को गंतव्य तक भेजा। रात लगभग 9 बजे से जाम लगा था जो रात के लगभग 1 बजे बजे बहाल हो सका। इसी बीच चार घंटे तक यात्री वहां परेशान रहे। बसों में कई यात्री ऐसे थे जिन्हें दूसरे राज्य जाना रहता है और वहां से ट्रेन पकड़ने के लिए लंबी दूरी जाना रहता है। यात्रियों ने बताया कि चार घंटे लेट होने की वजह से ट्रेन दूसरे राज्य से निकल गई। देरी हो जाने के कारण अब अपने गंतव्य एक दिन बाद पहुंच सकेंगे। जंगल में जाम लगने की वजह से खाने पीने सहित आवश्यक वस्तुओं के लिए भी यात्री परेशान रहे। राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में देरी और घटिया निर्माण के वजह से औसत हर दूसरे दिन जिले भर में कहीं न कहीं जाम लगता है। जाम से निपटने के लिए कुछ ऐसे सार्थक उपाय पहले से नहीं किए गए जिससे लोग परेशान है।

## ग्राम मानी में पीएम फसल योजना हेतु जागरूकता कार्यक्रम

बिश्रामपुर। ग्राम मानी के सीएससी सेंटर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी नील कमल मिश्रा, फसल बीमा योजना के जिला समन्वयक अतुल यादव, ब्लॉक प्रतिनिधि राजा मंडल विशेष रूप से उपस्थित रहे,कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसान भाई-बहनों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज तथा बीमा कराने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई,साथ ही सभी किसानों से निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व अपनी फसलों का बीमा कराने का आग्रह किया गया, ताकि वे योजना के लाभ से वंचित न रहें।

## किशोरी से युवक ने किया दुष्कर्म, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। घर में काम करने वाली किशोरी का युवक ने न सिर्फ जबरन अश्लील वीडियो दिखाया बल्कि मारपीट की धमकी देकर जबरन दुष्कर्म किया। पीड़ित के परिजन के रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार कोतवाली अंतर्गत शहर से लगे गांव की एक 15 वर्षीय किशोरी गांव में ही तरूण जायसवाल के यहां काम करती थी। किशोरी घरेलू काम करने के अलावा तरूण के यहां भोजन भी बनाती थी। 20 जुलाई की शाम किशोरी तरूण के यहां काम करने गई थी।

### 21 सदी के आज भी लोग पी रहे ढोढ़ी का गंदा पानी

# सरना पारा के निवासी ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर

**जशपुरनगर।** जिले के कुनकुरी विकासखंड के ग्राम पंचायत घटमुण्डा के सरना पारा में पेयजल संकट की हालत ऐसी है कि लोग खेत के किनारे बने ढोढ़ी का गंदा पानी।पीने को मजबूर है। दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले पानी का जरिया ग्रामीणों के लिए यही ढोढ़ी का पानी ही है।

घटमुण्डा के वार्ड क्रमांक 12 सरना परा के जल संकट को दूर करने के लिए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवप्रकाश तिवारी ने आवाज उठाते हुए लोक स्वास्थ यांत्रिकीय के कार्यपालन अभियंता से नए हैंडपंप खनन की पुरजोर तरीके मांग रखी। शिव प्रकाश तिवारी ने जिले के कुनकुरी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत घटमुण्डा (वार्ड क्रमांक 20, सरना पारा) में गहराते पेयजल संकट को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को एक आधिकारिक पत्र सौंपकर ग्रामीणों की इस मूलभूत समस्या के त्वरित निराकरण की पुरज़ोर वकालत की है,एवं जल्द से जल्द ग्रामीणों की पेयजल संकट जैसी समस्या का त्वरित समाधान का आग्रह संबंधित विभाग से किया है।



### नहीं मिल रही मूलभूत समस्या सुविधाएं

ग्राम पंचायत घटमुण्डा के वार्ड क्रमांक 20 ,सरना पारा वर्तमान में भी पानी की भीषण किल्लत से जूझ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी इस गंभीर समस्या से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश के कार्यकारणी सदस्य को अवगत कराया था। ग्रामीणों का कहना है कि पारा में पीने और दैनिक निस्तारी के पानी का कोई भी सुदृढ़ या सुचारू साधन उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण माताओं-बहनों और स्थानीय निवासियों को पानी की एक-एक बूंद के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। पानी की इस विकट स्थिति के कारण क्षेत्र के लोगों में भारी असंतोष और दैनिक जीवन में भारी परेशानियां उत्पन्न हो रही हैं।

### शीघ्र नए बोर खनन की मांग

जनता की इस तकलीफ को अपनी प्राथमिकता बताते हुए भारतीय जनता पार्टी, किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड जशपुर के अधिकारियों से मिलकर इस संबंध में एक औपचारिक मांग पत्र सौंपा है।

## संकल्प शिक्षण संस्थान में डिप्टी कलेक्टर ने बच्चों को दिए टिप्स



**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सत्र में डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा ने विद्यार्थियों को विश्व की आर्थिक व्यवस्था, मौद्रिक प्रणाली तथा आधुनिक तकनीक के विकास की जानकारी दी। इस सत्र में कहानियों और उदाहरणों का भी समावेश रहा।

सत्र के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को मुद्रा पर नागरिकों के विश्वास , मुद्रा और स्वर्ण के ऐतिहासिक संबंध, भारत में ब्रिटिश शासनकाल की आर्थिक व्यवस्था, सोने के महत्व तथा उसके मापदंडों की मौद्रिक प्रणाली से संबंध की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्रांति ने अमेरिका सहित विश्व की अर्थव्यवस्था को किस प्रकार नई दिशा दी और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रेटन वुड्स समझौते के माध्यम से वैश्विक मौद्रिक व्यवस्था की स्थापना की गई। साथ ही उन्होंने वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की स्थापना तथा पेट्रोडॉलर प्रणाली के कॉन्सेप्ट को भी सरल भाषा में समझाया। इस प्रेरणादायक सत्र के लिए संकल्प शिक्षण संस्थान के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा का आभार व्यक्त किया। सत्र में संस्थान के शिक्षक अवनीश पांडेय और दीपक ग्वाला सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने की निर्माण पोर्टल से कार्यों की समीक्षा

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने पत्थलगांव के जनपद पंचायत सभाकक्ष में निर्माण पोर्टल के माध्यम से जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने विभागवार एवं योजनावार स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति, पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों तथा लंबित कार्यों की स्थिति की जानकारी ली।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार और निर्माण एजेंसी और अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के मानकों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यों की प्रगति को निर्माण पोर्टल पर समय-समय पर अद्यतन किया जाए, ताकि कार्यों की वास्तविक स्थिति की प्रभावी निगरानी की जा सके। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने धीमी प्रगति वाले निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने तथा संबंधित अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समस्त और प्रारंभ कार्यों को 3 अगस्त तक प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और उपयोगिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण पोर्टल में दर्ज जानकारी को अद्यतन एवं वास्तविक स्थिति के अनुरूप रखने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




## जशपुर में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू करने तैयारियां तेज

जशपुरनगर। जिले में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एमबीबीएस की पढ़ाई प्रारंभ कराने के लिए शासन और प्रशासन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को गीदम (दंतेवाड़ा), कुनकुरी (जशपुर), मनेन्द्रगढ़, जांजगीर-चांपा एवं कबीरधाम के नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की स्वशासी समितियों की बैठक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई।

- **स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज की तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश**

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेजों के संचालन, अधोसंरचना विकास, मानव संसाधन, वित्तीय प्रबंधन तथा इसी शैक्षणिक सत्र से एमबीबीएस की पढ़ाई प्रारंभ करने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने समिति से जुड़े चिकित्सकों एवं अधिकारियों से प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कुनकुरी स्वशासी समिति की साधारण सभा की प्रथम बैठक में विधायक श्रीमती गोमती साय एवं श्रीमती रायमुनी भगत, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.एसपी कुजूर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी, मेडिकल कॉलेज के प्राध्यापक तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों की स्थापना एवं संचालन की दिशा में चिकित्सा शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की सराहना भी की। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेजों के लिए भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। आवश्यकता अनुसार प्रारंभिक चरण में अस्थायी व्यवस्थाएं भी की जा सकती हैं।वर्तमान में प्रत्येक कॉलेज में 50 एमबीबीएस सीटों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसे भविष्य में आवश्यकतानुसार बढ़ाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को मेडिकल कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, प्रयोगशालाएं, छात्रावास, अस्पताल एवं अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध करने के निर्देश दिए।

### तैयारी की जा रही: कलेक्टर

कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के लिए नियुक्त प्राध्यापकों के शासकीय आवास की व्यवस्था की गई है। तथा अन्य कर्मचारियों के लिए भी आवास उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण भी प्रस्तावित है। मेडिकल कॉलेज के स्थायी भवन के निर्माण तक झरगांव स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में अस्थायी रूप से संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तेजी से की जा रही हैं। विद्यार्थियों के लिए छात्रावास परिसर को भी आवश्यक सुविधाओं के अनुरूप विकसित किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.एसपी कुजूर ने बताया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप झरगांव स्थित पॉलीटेक्निक परिसर में लैब, क्लासरूम, छात्रावास सहित प्रैक्टिस के लिए अस्पताल में सभी जरूरी व्यवस्थाएं तेजी से पूर्ण की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज के लिए 2 प्रोफेसर, 4 असिस्टेंट प्रोफेसर, 10 प्रशिक्षक चिकित्सक, 4 सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर, 10 बॉन्ड डॉक्टर सहित अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पूरी टीम समर्पित भाव से कार्य करते हुए निर्धारित समय पर मेडिकल कॉलेज का संचालन सुनिश्चित करेगी।

## कुनकुरी में 168 छात्राओं को साइकिलों का वितरण

**जशपुरनगर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुनकुरी में 23 जुलाई को निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनिता सिंह, जिला पंचायत सदस्य, थीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बालेश्वर यादव उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत ने की, जबकि उपेंद्र यादव (उपाध्यक्ष, जिला भाजपा, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य सीता राम साव ने अपने उद्बोधन में शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना को बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में 168 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिलों का वितरण किया गया। छात्राओं के चेहरों पर नई साइकिल प्राप्त करने की खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही थी। मंच संचालन व्याख्याता सुधीर दुबे ने किया।



## शाउमा विद्यालय चरईडांड़ में सायकल का वितरण

**जशपुरनगर।** शाउमा विद्यालय चरईडांड़ विकासखण्ड - दुलदुला जिला -जशपुर (छग) में निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना अन्तर्गत कार्यक्रम छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।

कार्यक्रम में रविन्द्र गुप्ता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के पदेन अध्यक्ष, उमा देवी सिंह शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष, पारस नाथ मिश्र शिक्षा समिति सदस्य, हेमन्त कुमार नायक बीईओ, नरेश कुमार चौहान एबीईओ, छात्राओं के पालक, प्राचार्य के टोप्पो एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में कक्षा 9 वीं में नव प्रवेशित छात्राओं को सायकल वितरण किया गया।



## भैंसा मुंडा महानदी पुल की आधी-अधूरी मरम्मत अब राहगीरों के लिए बनी खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

अंबिकापुर–बनारस मुख्य मार्ग पर स्थित भैंसा मुंडा महानदी पुल की बदहाल स्थिति ने एक बार फिर राहगीरों के लिए मुश्किलें बढ़ा दी है। पुल सड़क की जर्जर हालत को लेकर की गई शिकायतों के बाद कलेक्टर रैना जमील के निर्देश पर तीन-चार दिन पहले पुल की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया था। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने कलेक्टर के निर्देशों को गंभीरता से लेने के बजाय केवल खानापूर्ति करते हुए मरम्मत कार्य पूरा दिखा दिया।

ग्रामीणों के अनुसार पुल पर मौजूद दर्जनों गहरे और जानलेवा गड्ढों में से केवल कुछ गड्ढों में ही सामग्री डालकर औपचारिकता निभाई गई, जबकि अधिकांश गड्ढे आज भी जस के तस बने हुए हैं। लगातार बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे वाहन चालकों को उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। लोगों को कहना है कि मरम्मत कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं कराया गया। प्रशिक्षित मिस्त्रियों के बजाय सामान्य मजदूरों से काम कराकर गुणवत्ता से समझौता किया गया, जिसका परिणाम यह है कि पुल की स्थिति में कोई खास सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। भैंसा मुंडा महानदी पुल अंबिकापुर–बनारस मुख्य मार्ग का अत्यंत व्यस्त पुल है जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चार पहिया और भारी वाहन गुजरते हैं। ऐसे में पुल पर बने गहरे गड्ढे किसी भी समय बड़े सड़क हादसे का कारण बन सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद संबंधित ठेकेदार ने लापरवाही बरती और सरकारी आदेश की भी अनदेखी की। इसे लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने पूरे मामले की तकनीकी जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा पुल की गुणवत्ता मानकों के अनुसार दोबारा मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही पुल की स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई और जानलेवा गड्ढों को पूरी तरह नहीं भरा गया तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।



# खुटेरा में नवीन शाला भवन का लोकार्पण

**कांसाबेल।** जिले के कांसाबेल विकासखंड अंतर्गत ग्राम खुटेरा में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गोमती साय ने नवीन विद्यालय भवन का लोकार्पण किया तथा कक्षा 1वीं, 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश का वितरण किया गया। वहीं पात्र छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिलें भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोमती साय ने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर अधोसंरचना और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने तथा अभिभावकों से बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नवीन विद्यालय भवन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश एवं साइकिल जैसी सुविधाएं विद्यार्थियों की शिक्षा को और अधिक सुगम बनाएंगी तथा उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेंगी। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सरिता भगत, जिला पंचायत सदस्य हीरावती पैंकरा, जनपद उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, सुनील गुप्ता, गणेश जैन, मंडल अध्यक्ष सुदाम पंडा, आलोक सारथी, बीडीसी अमर बेला एक्का, सरपंच तुला पैंकरा, विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं तथा शिक्षा के माध्यम से विकसित और सशक्त समाज के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।



## खबर संक्षेप



### पीएम की मां के विरूद्ध गलत टिप्पणी पर हुई एफआईआर

**अम्बिकापुर।** भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कोतवाली थाना पहुंच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक रूप से सोशल मीडिया पर गाली देने के मामले में शरद सिन्हा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंप प्राथमिकी दर्ज कराया। शरद सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री की दिवंगत माँ को सोशल मीडिया पर सार्वजनिक तौर पर गाली देना आरोपी की मानसिकता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर विकास सिन्हा नाम के व्यक्ति द्वारा इस प्रकार का कृत्य सार्वजनिक रूप से किया गया है जिसके खिलाफ युवा मोर्चा द्वारा आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया गया है एवं कार्रवाई की मांग की गई है। इस दौरान मनोज सोनी, मयंक जायसवाल, वेदांत तिवारी, अंशुल श्रीवास्तव, दीपक यादव, वीर सोनी, अंकित तिर्की, प्रिंस चौबे, रोहित कुशवाहा, विष्णुदेव पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### बाड़ी की जोताई को लेकर विवाद, टांगी-डंडे से हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**राजपुर।** ग्राम बुढाबगीचा में बाड़ी की जुताई को लेकर हुए विवाद तथा टांगी-डंडे से हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। घटना में एक व्यक्ति के सिर पर टांगी लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस के मुताबिक प्रवीण रावत ने 22 जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह करीब 6.30 बजे ट्रैक्टर से बाड़ी की जुताई कर रहा था। इसी दौरान उसकी मौसी कमलपति सार्थी ने जुताई करने से मना किया। बात बढ़ने पर कुछ देर बाद सुख सागर उर्फ कमाडो सार्थी, कुरलू उर्फ रमेश सार्थी तथा कमलपति सार्थी एकजुट होकर डंडा और टांगी लेकर पहुंचे और पिता देवराज, माता श्यामपति और भाइयों राम व अनुराग के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। हमले में देवराज के सिर पर टांगी लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया तथा साक्ष्यों और आरोपियों के कथनों के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त टांगी और डंडा भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### प्राथमिक शाला लाइनपारा में कराया गया न्योता भोज



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम दुर्गापुर के प्राथमिक शाला लाइनपारा में न्योता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के साथ-साथ माध्यमिक शाला लाइनपारा दुर्गापुर के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं सामूहिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना था। न्योता भोज में विद्यार्थियों एवं उपस्थित अतिथियों, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। संकुल प्राचार्य ओमप्रकाश तिवारी, माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका अंजना एक्का, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका कमली बाई, संकुल समन्वयक, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्राम पंचायत दुर्गापुर के सरपंच सीखना राम, पंचगण एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक सुदीप तिर्की, अमनदीप मिंज, संतोष कुमार यादव, कमली बाई, मधुमीता घोष, मनोज एक्का सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं सक्रिय रहे।

## आधा दर्जन मकानों को हुई क्षति

# लगातार मूसलाधार बारिश में एफसीआई गोदाम की दीवार का बड़ा हिस्सा गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बात**

- बड़ी दुर्घटना टली, हो सकता था हादसा

लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच सोमवार देर रात करीब डेढ़ बजे बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदाम परिसर की बाउंड्री वाल का बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में दीवार से सटे करीब आधा दर्जन मकानों को क्षति पहुंची है, जबकि एफसीआई परिसर का बारिश का पानी तेज बहाव के साथ लोगों के घरों में घुस गया, जिससे रातभर प्रभावित परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

घटना के बाद मंगलवार सुबह प्रभावित परिवारों ने मुआवजे की मांग को लेकर एफसीआई कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल, तहसीलदार लटोरी चंद्रशिला जायसवाल, नायब तहसीलदार पिलखा मीना सिंह, पटवारी राजेश साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर शासन स्तर पर राहत उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।



गोदाम की क्षतिग्रस्त दीवार।

### बिना कॉलम व पिलर का सपोर्ट दिए पुरानी दीवार के ऊपर ईंटे जोड़कर बढ़ाई गई थी ऊंचाई

स्थानीय लोगों के अनुसार कोविड काल में केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू किए जाने के बाद बिश्रामपुर स्थित एफसीआई गोदाम को पुनः सक्रिय किया गया था। इसी दौरान परिसर में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य कराए गए। बताया जा रहा है कि वर्षों पुरानी बाउंड्री वाल के ऊपर अतिरिक्त ईंटों की जुड़ाई कर उसकी ऊंचाई बढ़ा दी गई थी, लेकिन इसके लिए पर्याप्त कॉलम और सपोर्ट नहीं दिए गए। इधर बाउंड्री वाल के किनारे बनी नाली की नियमित सफाई नहीं होने तथा परिसर में मिट्टी भराव किए जाने के कारण बारिश का पानी निकासी नहीं हो सका। देर रात तेज बारिश के दौरान नाली जाम होने से पानी का दबाव बढ़ा और दीवार का बड़ा हिस्सा ढह गया।

### आरबीसी 6-4 के तहत मिलेगी मुआवजा सहायता राशि

प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे मामले की जानकारी सूरजपुर कलेक्टर को भेज दी है। प्रभावित परिवारों को आरबीसी 6-4 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने का आश्वासन दिया है।इस दौरान मौके पर जिला पंचायत सदस्य कुलेश्वरी कुर्रे के प्रतिनिधि लखन लाल कुर्रे,सरपंच प्रतिनिधि संजू सिंह उपसरपंच मोहम्मद सज्जाद सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले व वार्ड के लोग उपस्थित थे।

### घरों में घुसा पानी, सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त

दीवार गिरते ही उसके समीप बने मकान इसकी चपेट में आ गए। भारी भरकम मलबे से कई घरों के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं एफसीआई परिसर का जमा पानी सीधे घरों में घुस गया। प्रभावित परिवारों में महबूब, शंकर प्रसाद गुप्ता, बालिका देवी, मनोज, साबरा बेगम, विनोद रवि और रईसुन निशा के नाम शामिल हैं। घटना की सूचना पर एसडीएम सूरजपुर के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला घटना स्थल पहुंच पूरी स्थिति देखी। मौके पर निरीक्षण के दौरान एसडीएम शिवानी जायसवाल ने एफसीआई प्रबंधन को गिरी हुई दीवार का मलबा तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही पटवारी को नुकसान का प्रतिवेदन तैयार कर कलेक्टर कार्यालय भेजने तथा पुरानी दीवार के ऊपर बिना पर्याप्त सपोर्ट के ऊंचाई बढ़ाने के मामले की जांच कराने की बात कही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्राथमिक तौर पर पाया कि दीवार की ऊंचाई नियमों के विपरीत तरीके से बढ़ाई गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह हादसा दिन के समय हुआ होता तो बड़ी जनहानि भी हो सकती थी।

# शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे एसईसीएल कर्मियों के परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- आवासीय कॉलोनियों में दूषित व मटमैले पानी की आपूर्ति से बढ़ रही नाराजगी



एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में आवासीय कॉलोनियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर कम्पनी प्रबंधन पर सवाल उठने लगे हैं। कर्मचारियों और कॉलोनीवासियों का आरोप है कि पिछले पखवाड़े भर से अधिक समय से दूषित व मटमैले पेयजल की आपूर्ति हो रही है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि शिकायत मिलने पर क्षेत्रीय प्रबंधन ने जल्द व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया था, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि प्रबंधन कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे तो करता है, लेकिन पेयजल और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार फिल्टर प्लांट की टैंक सफाई का हवाला देकर जलापूर्ति बाधित कर दी जाती है, इसके बावजूद नियमित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई परिवार नगर पंचायत के बोरिंग और वैकल्पिक जल स्त्रोतों पर निर्भर हैं।इस मुद्दे पर श्रमिक संगठनों की चुप्पी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि अन्य मामलों में सक्रिय रहने वाले श्रम संगठन पेयजल जैसी गंभीर समस्या पर खुलकर आवाज नहीं उठा रहे हैं। दूषित पानी की आपूर्ति को लेकर सोशल मीडिया पर भी शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। कॉलोनीवासियों ने एसईसीएल प्रबंधन से जल्द प्रभावी कदम उठाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और कॉलोनियों की सफाई व्यवस्था में सुधार की मांग की है।



# लोधिमा में मनाया गया वन महोत्सव, किया गया पौधरोपण

**सूरजपुर।** वन महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत लोधिमा खोपा रोड में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी डीपी साहू ने कहा कि जिले का लगभग 53 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है, जो पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक से अपनी माता के नाम पर पौधा रोपित कर उसके संरक्षण का संकल्प लेने की बात कही। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने कहा कि पौध रोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज जिन विशाल वृक्षों की छाया और फलों का लाभ हमें मिल रहा है, वे हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए पौधों का परिणाम हैं। उन्होंने सभी लोगों से निकट भविष्य को सुरक्षित, स्वच्छ एवं हरित बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा प्रत्येक पौधे के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लेने की बात कही। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि पौधा लगाने के साथ उनकी सुरक्षा और देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने लोगों से फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर इस अभियान को जनआंदोलन बनाने कहा। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, जिपं सदस्य श्रीमती योगेश्वरी राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति संत सिंह, नपा उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई ने किया विरोध प्रदर्शन

**सूरजपुर।** देशभर में लगातार हो रहे पेपर लीक कांड,बदहाल शिक्षा व्यवस्था और दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे निर्दोष छात्र-छात्राओं पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में आज एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने बताया कि युवाओं एवं छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। साथ ही लाठी के दम पर छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। देश में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। नीट सहित अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर बार-बार लीक हो रहे हैं जिससे सालों तक कड़ी मेहनत करने वाले लाखों होनहार छात्रों का भविष्य अंधकार में डूब गया है। छात्र अपने अधिकारों और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठा रहा था तब केंद्र सरकार ने संवाद कायम करने के बजाय पुलिस के बल पर उन पर लाठियां बरसाईं। एनएसयूआई ने मांग किया कि देश की सभी राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच हो तथा पेपर लीक माफियाओं पर गैर-जमानती धाराओं के तहत तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान मनोज डालमिया, जफर हैदर, विष्णु कसेरा,नीरज तायल,नैतिक अग्रवाल,अनुराग डालमिया,लक्ष्मण राजवाड़े,सैयद नदीम, कौनेन अंसारी, राजेश साहू, रूद्र प्रताप सिंह, शिवम साहू, युवध सिंह, हिमाचल राजवाड़े, अफरोज अंसारी, अमित पैकरा, सिकन्दर अली, यश साहू, कबीर देवांगन, शिव राजवाड़े, अफरोज खान, सुमंत राजवाड़े, आशीष कुशवाहा, समीर सोनी, भानु, विवेक सिंह, जितेन्द्र, कृष्णा सिंह, रमेश साहू, सुरेंद्र राजवाड़े, सम्मेद सिंह, देवनाथ सिंह, सुंदर सिंह, सैयद याशीर, शादाब खान, देव सिंह, आलोक, कमलकांत साहू, आशीष साहू, नितेश सिंह, अमन खान, आलोक साहू, अंकित जायसवाल, समीर सिंह, दुर्गेश उपाध्याय, कन्हैया साहू, गोलू देवांगन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रदर्शन में शामिल होने मित्र के साथ जंतर मंतर जा रहे बाइक सवार सड़क हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- दुर्घटना में एक युवक की गई जान दूसरे की हालत गंभीर



दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं एवं पेपर लीक समेत केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक अपने साथी के साथ प्रदर्शन में शामिल होने बाइक से दिल्ली जा रहा था तभी उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ में सड़क हादसे का शिकार हो गए। घटना के बाद यूपी सरकार की मदद से एम्बुलेंस युवक का शव लेकर उसके गृहग्राम पहुँची। जहां बड़े गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

जानकारी अनुसार शनिवार की रात 9 बजे ग्राम आरा मिट्ठुपारा निवासी दीपक सिंह कुसरो (26 वर्ष) अपने साथी पत्थलगांव भाथुडांड़ निवासी सूरजभान कुसरो आ. सुदेशन कुसरो के साथ बाइक से दिल्ली जाने निकले थे। दिल्ली पहुंचने के बाद दोनों जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले चल रहे नीट परीक्षा में अनियमितता एवं पेपर लीक समेत शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन में शामिल होने वाले थे। इसी बीच सोमवार की सुबह करीब अलीगढ़ में अज्ञात कार ने बाइक को पीछे से टककर मार दी जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए। दुर्घटना में बाइक के पीछे बैठा युवक दीपक का सिर डिवाइडर से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं बाइक चला रहे युवक को भी मामूली चोट आई। घायलों को तत्काल अलीगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान घायल दीपक की मौत हो गई। इधर हादसे के बाद अलीगढ़ पुलिस ने युवकों के पास मिले पहचान पत्र और दस्तावेजों के आधार पर उनकी पहचान की। अलीगढ़ पुलिस ने सीतापुर पुलिस से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। सीतापुर पुलिस ने ग्राम आरा के सरपंच अजीत तिर्की के माध्यम से मृतक एवं घायल युवक के परिजन को सूचना दी। सूचना मिलते ही मृतक एवं घायल के परिजन अलीगढ़ के लिए रवाना हो गए। वही इस हादसे के बाद यूपी सरकार के सहयोग से मृतक एवं घायल युवक को लेकर एम्बुलेंस सीतापुर के ग्राम आरा के लिए रवाना हुई। पीड़ित परिवार एम्बुलेंस के साथ गृहग्राम आरा पहुंचे। जहां बड़े गमगीन माहौल में मृत युवक का अंतिम संस्कार किया गया।

# घुनघुट्टा बांध लबालब, विभाग कभी भी खोल सकता है गेट

**अम्बिकापुर।** बीती रात हुई भारी बारिश से श्याम घुनघुट्टा सिंचाई बांध लबालब होने की स्थिति में पहुंच गया है। बांध में 85 फीसदी पानी भरने के कारण कभी भी गेट खोलने की स्थिति निर्मित हो सकती है। मंगलवार को श्याम घुनघुट्टा बांध में 65 फीसदी पानी भरा था तथा अधिकारी एक सप्ताह में बांध में क्षमता के अनुसार पानी भरने की संभावना व्यक्त कर रहे थे। बीती रात ही बारिश के बाद बांध में 85 फीसदी पानी भर गया है। अब बारिश होने पर बांध में 90 फीसदी पानी भरने पर कभी भी गेट को खोलने की स्थिति निर्मित हो सकती है। स्थिति को देखते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा अमेरा खदान प्रबंधक एवं बिश्रामपुर एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय सहित आसपास के ग्राम पंचायतों सहित अन्य संबंधित विभागों को सूचना दी गई है। गेट खोलने पर नदी का जलस्तर बढ़ने की स्थिति में प्रभावित क्षेत्र के लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बांध का जलस्तर को नियंत्रित रखने की दृष्टि से विभाग भारी बारिश होने पर गेट खोल देता है जिससे नदी में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है।



## झमाझम बारिश से बतौली क्षेत्र स्थित मान नदी उफान पर

**सेदम।** बतौली क्षेत्र मे पिछले तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश से नदी नाले उफान पर है। बारिश के बाद मान नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है जिससे बतौली के सुवारपारा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाली पुलिया के ऊपर पानी बहने से क्षेत्र के कई गांवों का संपर्क प्रभावित हो रहा है। ऐसे में ग्रामीण, स्कूली बच्चों, शिक्षकों और राहगीरों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने हल्की बारिश में भी पुलिया के ऊपर से पानी जाने तथा आवागमन में हो रही परेशानियों को लेकर पुल निर्माण की मांग की है जिससे बरसात के मौसम में क्षेत्र के लोगों का राहत मिल सके।

# घर में काम करने वाली किशोरी से युवक ने किया दुष्कर्म, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** घर में काम करने वाली किशोरी का युवक ने न सिर्फ जबरन अश्लील वीडियो दिखाया बल्कि मारपीट की धमकी देकर जबरन दुष्कर्म किया। पीड़ित के परिजन के रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार कोतवाली अंतर्गत शहर से लगे गांव की एक 15 वर्षीय किशोरी गांव में ही तरूण जायसवाल के यहां काम करती थी। किशोरी घरेलू काम करने के अलावा तरूण के यहां भोजन भी बनाती थी। 20 जुलाई की शाम किशोरी तरूण के यहां काम करने गई थी। इसी दौरान तरूण ने उसे भोजन बनाने की बात कही। इसी बीच किशोरी के काम पर जाने काफी समय हो गया तो पिता ने अपनी दूसरी बेटी को बुलाने के लिए भेजा। जिस पर तरूण ने भोजन बनाने की बात कहकर किशोरी की बहन को वापस घर भेज दिया। इसी बीच तरूण किशोरी को अपने कमरे में जबरन ले गया और पहले अश्लील वीडियो दिखाया फिर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

# बिश्रामपुर रेलवे कोल साइडिंग से कोयला डिस्पैच शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विगत 8 वर्षों से बंद पड़ी बिश्रामपुर रेलवे साइडिंग में फिर से रौनक लौटी है।करीब 41 करोड़ की लागत से कोल साइडिंग के पुनर्निर्माण कार्य पश्चात पिछले दिनों रेल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर इसके संचालन की अनुमति प्रदान कर देने के बाद मंगलवार को रेलवे ने यहां पर कोयला लोडिंग के लिए रैक सप्लाई कर दी है जिसके बाद क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने साइडिंग में पूजा अर्चना कर रैक लोडिंग का कार्य आरंभ कराया है।

बताया गया कि मध्यप्रदेश इटारसी के खरगोन सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन के लिए 58 बोगी वाली रैक सप्लाई की गई है जिसमें माइनस 100 एमएम साइज की जी 6,जी 7 व जी 8 ग्रेड का कोयला रैक से डिस्पैच कर दिया गया।वर्तमान में साइडिंग में अमेरा आमगांव,केतकी और गायत्री खदान का कोयला यहां खदानों से ट्रकों के माध्यम से साइडिंग तक पहुंचाया जा रहा है,बिश्रामपुर क्षेत्र में रेलवे रैक के जरिए कोयला डिस्पैच शुरू होने से खदानों में कोयला स्टॉक में कमी आने के साथ सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल कोल डिस्पैच होगा साथ ही सड़को पर कोल परिवहन का दबाव कम होगा।

### नवीन कोल साइडिंग में 850 मीटर का लंबा प्लेटफार्म

41 करोड़ की लागत से रेलवे साइडिंग के पुनर्निर्माण कार्य में साइडिंग को पूरी तरह से आधुनिक बनाया गया है,इसमें 850 मीटर लंबा प्लेटफार्म बनाया गया है,साथ ही दो नई लाइन बिछाई गई है जिसमें दोनों छोरों से एक साथ लोडिंग की व्यवस्था बनाई गई है,ताकि तीव्र गति से कोयला परिवहन रेल के जरिए कराई जा सके,साइडिंग के पुनर्निर्माण कार्य से सबसे बड़ा फायदा खदानों में कोयले के उठाव नहीं होने से अधिक भंडारण से आग लगने कोयला चोरी पर काफी हद तक अंकुश लगने की संभावना है, साइडिंग से लोडिंग का कार्य शुरू होने के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह ,एरिया सेल्स ऑफिसर जी किशोर,चरणजीत सिंह सहित क्षेत्रीय अधिकारी साइडिंग का अमला इस दौरान उपस्थित था।









**खबर संक्षेप**

### राज्य खेल अलंकरण के लिए आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत उत्कृष्ट खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों से विभिन्न पुरस्कारों एवं सम्मानों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके तहत शहीद राजीव पांडे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, पंकज विक्रम सम्मान, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि पुरस्कार तथा डाइटमनी (खेलवृत्ति) प्रदान की जाएगी। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा प्रतिवर्ष खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी 5 अगस्त 2026 तक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

### जिले में 23 जुलाई को 99.2 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से 23 जुलाई 2026 तक 3343.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 23 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 4154.3 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 99.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैः तहसील जशपुर में 340.5 मिमी, मनोरा में 581.7 मिमी, कुनकुरी में 411.3 मिमी, दुलदुला में 254.2 मिमी, फरसाबहार में 196.3 मिमी, बगीचा में 245.3 मिमी, कांसाबेल में 366.8 मिमी, पत्थलगाँव में 315.0 मिमी, सन्ना में 445.6 मिमी एवं बागबहार में 186.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 581.7 मिमी दर्ज की गई है। 23 जुलाई को सर्वाधिक मनोरा तहसील में 21.9 मिमी वर्षा हुई।

### 7.90 करोड़ से अधिक के बीमा दावों का भुगतान

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसानों को फसल नुकसान की भरपाई के रूप में बड़ी राहत मिली है। खरीफ वर्ष 2025 के लिए जिले के किसानों की कुल 8 करोड़ 82 लाख 24 हजार 55 रुपए की बीमा दावा राशि निर्धारित की गई है। इसमें से 7 करोड़ 90 लाख 13 हजार 272 रुपए का भुगतान डिजी क्लेम के माध्यम से सफलतापूर्वक किया जा चुका है। शेष 92 लाख 10 हजार 738 रुपए की दावा राशि के भुगतान की प्रक्रिया भी डिजी क्लेम के माध्यम से की जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं एवं प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों से होने वाले फसल नुकसान के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना के तहत प्रतिकूल मौसम, बाढ़, कीट-व्याधि, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं से फसल को हुए नुकसान की स्थिति में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार दावा भुगतान की पात्रता होती है।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### बागबहार मार्ग ...

आकाश मित्तल ने अधिकारियों व ठेकेदार की मिलीभगत के खिलाफ मुख्यमंत्री निवास 'बगिया' तक पैदल सत्याग्रह करने की चेतावनी दी है, जिससे विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान तेज

# जशपुर वनमण्डल की गजरथ यात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलाईगढ़



मानव-हाथी द्वंद्व की घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में हाथियों के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से जशपुर वनमण्डल द्वारा संचालित 'गजरथ यात्रा-2026'' का शुभारंभ किया गया है। यह जनजागरूकता अभियान वनमण्डल के विभिन्न संवेदनशील हाथी प्रभावित क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है, जहां वन विभाग की टीम विद्यालयों एवं ग्रामों में पहुंचकर हाथियों के व्यवहार, उनके प्राकृतिक आवास तथा सुरक्षित सहअस्तित्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर रही है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में आयोजित गजरथ यात्रा के अंतर्गत वन परिक्षेत्र तपकरा के 15 विद्यालयों में अध्ययनरत 1542 विद्यार्थियों को हाथियों की जैविक एवं व्यवहारिक विशेषताओं, उनके प्राकृतिक आवास, पारंपरिक भ्रमण मार्ग, भोजन एवं जल स्रोतों, झुंड की संरचना तथा मानव-हाथी सहअस्तित्व के संबंध में वैज्ञानिक जानकारी दी गई थी। साथ ही हाथियों के विचरण के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों, आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित व्यवहार तथा वन विभाग द्वारा जारी चेतावनी एवं अलर्ट का पालन करने के संबंध में भी विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया था। इस व्यापक जनजागरूकता अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए। स्थानीय नागरिकों एवं विद्यार्थियों में हाथियों के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता बढ़ी तथा हाथी विचरण की सूचना समय पर साझा करने, अफवाहों से बचने एवं सुरक्षित दूरी बनाए रखने जैसी आदतों का विकास हुआ। परिणामस्वरूप मानव-हाथी द्वंद्व की घटनाओं में कमी लाने में यह अभियान प्रभावी एवं सहायक सिद्ध हुआ। इन्हीं सकारात्मक अनुभवों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2026 में पुन गजरथ यात्रा-2026 का आयोजन किया गया है। इस वर्ष यात्रा जशपुर वनमण्डल के विभिन्न संवेदनशील (Yellow Zone ) हाथी प्रभावित वन परिक्षेत्रों एवं ग्रामों में भ्रमण कर रही है। अभियान के दौरान विद्यालयों, ग्राम सभाओं, वन सुरक्षा समितियों, महिला स्व-सहायता समूहों तथा स्थानीय ग्रामीणों को हाथियों के व्यवहार एवं उनके संरक्षण के



संबंध में जागरूक किया जा रहा है। गजरथ यात्रा के माध्यम से वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी आधुनिक ऑडियो-वीडियो माध्यमों, पोस्टर, फ्लेक्स, मॉडल एवं संवादात्मक प्रस्तुतियों के जरिए यह जानकारी दे रहे है कि हाथियों के झुंड के निकट जाने, उन्हें उकसाने अथवा उनके मार्ग में अवरोध उत्पन्न करने से किस प्रकार गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती है।

**जनजागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम**

वनमण्डलाधिकारी ने बताया कि जशपुर वनमण्डल में मानव-हाथी सहअस्तित्व को बढ़ावा देने के लिए जनजागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। गजरथ यात्रा केवल एक प्रचार अभियान नहीं, बल्कि समुदाय आधारित संरक्षण का सशक्त प्रयास है, जिसके माध्यम से स्थानीय लोगों को हाथियों के व्यवहार को समझने जोखिम को कम करने तथा सुरक्षित सहअस्तित्व अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग का उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से मानव एवं वन्यजीवों के बीच संतुलित एवं सुरक्षित सहअस्तित्व स्थापित करना है, जिससे जनहानि एवं संपत्ति की क्षति में कमी लाई जा सके तथा हाथियों के प्राकृतिक संरक्षण को भी सुदृढ़ किया जा सके।

**सुरक्षित स्थान पर समूह में रहें**

ग्रामीणों को यह भी बताया जा रहा है कि हाथी विचरण की सूचना प्राप्त होने पर समूह में सुरक्षित स्थान पर रहें, रात्रि के समय अनावश्यक आवागमन से बचें, खेतों अथवा जंगलों में अकेले न जाएं तथा वन विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करें। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को हाथियों की पारिस्थितिकी, वन एवं जैव विविधता संरक्षण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका तथा वन्यजीव संरक्षण के प्रति नागरिक दायित्वों की भी जानकारी दी जा रही है। बच्चों को प्रश्नोत्तरी, संवाद एवं शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जा रहा है, जिससे वे अपने परिवार एवं समाज में भी जागरूकता का संदेश पहुंचा सकें।




## विद्युत उपभोक्ताओं को अधिकारों शिकायत प्रक्रिया की दी गई जानकारी

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित सेवा मानकों एवं उपभोक्ता हितों से संबंधित प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, अंबिकापुर द्वारा बुधवार को कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचालन व संधारण), छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, जशपुर में विद्युत उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में घरेलू एवं गैर-घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत सेवाओं से जुड़े उनके अधिकारों, निर्धारित सेवा मानकों तथा शिकायतों के समयबद्ध निराकरण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फोरम के अध्यक्ष डीके सैनी ने बताया कि नए विद्युत कनेक्शन, निम्न दाब कनेक्शन का कन्वर्जन, मीटर संबंधी शिकायतें, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत नेट मीटरिंग, सब्सिडी तथा टैरिफ श्रेणी परिवर्तन सहित विभिन्न सेवाओं के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान की जानी अनिवार्य है। इस अवसर पर जशपुर विद्युत विभाग के अधिक्षण यंत्री सत्य प्रकाश कुमार, कार्यपालन यंत्री विनोद पंडित उपस्थित थे।

## पद नहीं, उद्देश्य चुनिए तभी मिलेगी असली सफलता

**जशपुरनगर।** लॉयोला महाविद्यालय कुनकुरी में स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उन्हें सफल और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी दी गई।

महाविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. तोलेस्फोर लकड़ा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर समापन तक परिसर में उत्साह, आत्मीयता और भावुकता का अनूठा संगम देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. लकड़ा ने कहा कि आज का युवा अक्सर नौकरी, वेतन और प्रतिष्ठा को ही सफलता का पैमाना मान लेता है, जबकि वास्तविक सफलता इस बात से तय होती है कि व्यक्ति ने अपने जीवन से समाज को क्या दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि रुपद नहीं, उद्देश्य चुनिए। पद आपको पहचान देगा, लेकिन उद्देश्य आपको सम्मान दिलाएगा। समारोह के



लॉयोला कॉलेज कुनकुरी के विदाई समारोह

विशिष्ट अतिथि एवं लॉयोला समुदाय के प्रबंधक जेरोम मिंज ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और उपलब्ध संसाधनों के बेहतर प्रबंधन से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इस अवसर पर उप प्राचार्य मार्टिन मंगल तिर्की, डीन ऑफ साइंस डॉ. इग्नस किंडो आदि उपस्थित रहे।

## सीएमएचओ ने लक्ष्य के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**जशपुरनगर।** स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों का बेहतर संचालन के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांसाबेल में गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी ए स जात्रा एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.संध्या रानी टोप्पो द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

▪ कांसाबेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समीक्षा बैठक

बैठक में सभी सेक्टर प्रभारी, सेक्टर सुपरवाइजर, ब्लॉक नोडल अधिकारी, एसटीएस, एमटीएस, एनएमए, सीएचओ, आरएचओ,




एएनएम एवं जेएसए मौजूद रहे। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। सीएमएचओ डॉ. जीएस जात्रा ने अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने तथा योजनाओं को प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एनसीडी कार्यक्रम के तहत लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति, एचपीवी टीकाकरण अभियान, आयुष्मान कार्ड निर्माण से वंचित हितग्राहियों के लिए माइक्रोप्लान, मलेरिया कार्यक्रम, निश्चय निरामय पोर्टल में एंट्री की प्रगति, शिशु एवं मातृत्व स्वास्थ्य, सीडीआर,एमडीआर एवं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर, स्वास्थ्य मेला, मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन के संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए समन्वित प्रयास करें, ताकि आमजन को बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## शिक्षकों को दी जा रही है ऑनलाइन ट्रेनिंग

**बरमकेला।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट धरमजयगढ़ द्वारा रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मिडिल स्कूल के कक्षा सातवीं का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के लिए 20 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कक्षा सातवीं के नवीन पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी क्रियान्वयन, नवीन शिक्षण पद्धतियों के उपयोग तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## कुनकुरी में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**जशपुरनगर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुनकुरी के तत्वावधान में बुधवार को बस स्टैंड कुनकुरी में देशभर में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं के समर्थन में तथा उनके ऊपर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अन्य सांसदों एवं वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

▪ छात्र-युवाओं के समर्थन में जताया विरोध

पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वाल्टर कुजूर ने किया। इस अवसर पर यूडी मिंज, ताहिर अली, मनोज सागर, एस. इलियास, परमेश्वर भगत, महेश त्रिपाठी, अंजना मिंज, रवि यादव, सरवर अली, बिमल राम, वाल्टर कुजूर, इरफान, रोबर्ट एक्का, दीपक करकेट्टा, गणेश बारीक, प्रदीप, कलिस्ता तिर्की, बसंत बेक, महेश यादव, विजय यादव, अरशद हुसैन, हेमंत कुजूर, समीम अहमद, सुचिता, अर्जुन, अयूब, मंजू, चंदन, अजेम, रुखसाना, राजू, अविनाश,





अलमा, सुषमा, अनिल, कपूर, नंदकुमार, मनीष, अविन, अफरोज, अशोक, दानिस, अजय, शनवीर, आशीष, विनोद, आयुष, प्रसंजीत, नीलिमा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनहित और लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर पार्टी आगे भी संघर्ष जारी रखेगी।

## देहदान कर स्वास्थ्य क्षेत्र में गणेश ने दिया योगदान

**सारंगढ़।** स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न बीमारियों के अध्ययन के लिए समाजसेवियों का देहदान, अमूल्य योगदान है। इसी कड़ी में देहदान संकल्प करने वाले दोन्देखुर्द रायपुर निवासी 80 वर्षीय गणेश दास मानिकपुरी का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। मानव सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जीवन के अंतिम चरण तक बनी रही।

उन्होंने जीते.जी अपना पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेजए रायपुर को देहदान करने का संकल्प लिया था और इसके लिए विधिवत सहमति.पत्र भी भर दिया था। उनका यह प्रेरणादायी निर्णय परिवारए समाज और नई पीढ़ी के लिए सेवाए विज्ञान और मानवता का अनुकरणीय संदेश छोड़ गया है। उनके निधन से परिवार, शुभचिंतकों तथा सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में रुचि रखने वालों में शोक व्याप्त है। वे प्रख्यात समाजसेविका स्वर्गीय अम्बा देवी के पति व जनसंपर्क अधिकारी विजय मानिकपुरी के पिता थे। गणेश दास मानिकपुरी अपने पीछे भरा.पूरा परिवारए अनेक शुभचिंतक और समृद्ध सामाजिक. सांस्कृतिक विरासत छोड़ गए हैं। उनके निधन से एक विद्वानए कर्मठए सिद्धांतनिष्ठ और स्पष्टवादी व्यक्तित्व को खो दिया है। उनकी सादगीए सामाजिक प्रतिबद्धता और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। रामायण के प्रख्यात टीकाकार, गहन अध्येता एवं चिंतक गणेश दास मानिकपुरी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166